इलाहाबाद विश्वविद्यालय

प्रयागराज -211002, उ0प्र0 (भारत)

UNIVERSITY OF ALLAHABAD

PRAYAGRAJ -211002, U.P. (INDIA)

पत्रांक:- रा.भा./पत्रिका/ V/ 314

दिनांक 09 जुलाई, 2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय:- राजभाषा अनुभाग, इ.वि.वि. की गृह पत्रिका 'संकल्पना' के पांचवे अंक के लिए लेख/रचनाएँ आमंत्रित किए जाने के संबंध में।

राजभाषा अनुभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय गृह पत्रिका **'संकल्पना'** के पांचवे अंक का प्रकाशन करने जा रहा है। उक्त पत्रिक का केंद्रीय विषय **'महिला सशक्तिकरण' : विषेश रूप से इलाहाबाद विश्वविद्यालय के परिप्रेक्ष्य में** है, साथ ही उक्त पत्रिका राजभाषा हिंदी से संबंधित है, अतएव राजभाषा हिंदी से संबंधित लेखों पर भी विचार किया जाएगा।

2- उपर्युक्त के अनुक्रम में, मूल रूप में हिंदी में लिखी गई रचनाएँ/लेख आमंत्रित किए जा रहे हैं, रचनाएँ/लेख आदि सरल, सुबोध और सूचनापरक, विनिर्दिष्ट विषय से संबंधित होने चाहिए, जोकि पाठकों के लिए उपयोगी हों। संपादक मण्डल द्वारा रचनाएँ/लेख उपयुक्त पाए जाने पर भेजी गई रचनाएँ/लेखों को उक्त अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

3- लेखक अपने द्वारा लिखित लेख/रचनाएँ (संगत चित्रों सहित) यूनीकोड मंगल फॉन्ट में टंकित (टाइप) करा कर और उसे भली-भांति जाँचने के उपरांत पासपोर्ट साइज़ के अपने फोटोग्राफ सहित दिनांक **15 अगस्त, 2024** तक निम्नलिखित ई-मेल पर अग्रेषित करने का कष्ट करे:-

rajbhasha.au@gmail.com **अथवा** ps.ukindia11@gmail.com

4- इसके साथ ही लेखक अपनी रचनाएँ/लेख के बारे में स्वयं द्वारा हस्ताक्षरित एक प्रमाण-पत्र भी इस आशय का देंगे कि संबंधित रचना मूलतः उनकी है। (प्रमाणन के लिए प्रपत्र का प्रारूप इसके साथ संलग्न हैं)।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा हैं।

नरेन्द्र कुमार शुक्ल 18/7/2024

कुलसचिव एवं अध्यक्ष

रा.भा.का.समिति

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित -:

1. अध्यक्ष , आई.सी.टी.सेल- वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
2. समस्त अधिष्ठाता, इ.वि.वि.।
3. समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक - विभाग से लेख प्रेषित कराए जाने के अनुरोध के साथ प्रेषित।
4. प्राचार्य/प्राचार्या, संघटक महाविद्यालय – महाविद्यालय से लेख प्रेषित कराए जाने के अनुरोध के साथ प्रेषित।
5. इलाहाबाद विश्वविद्यालय के समस्त पदाधिकारी।
6. राजभाषा कार्यान्वयन समिति के समस्त सदस्य – लेख प्रेषित कराए जाने के अनुरोध के साथ प्रेषित।
7. संयोजक, रा.भा.का.समिति।
8. कुलसचिव के वैयक्तिक सहायक।
9. कुलपति के सचिव को कुलपति महोदया को सादर सूचनार्थ।

09.07.24

हिंदी अधिकारी

राजभाषा अनुभाग